# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 23 जुलाई. कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली।**

**कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की**

**बाल मृत्यु के मामले की रोकथाम के दिये निर्देश**

बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों में रक्त की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों से ब्लड उपलब्ध कराने के नाम पर किसी भी प्रकार की अवैध वसूली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गड़बड़ी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विकासखंडों के बीएमओ एवं चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को शासन की व्यवस्था के अनुसार समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी भी स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, डॉक्टर अथवा अन्य कर्मचारी द्वारा ब्लड दिलाने के नाम पर मरीज या उसके परिजनों से पैसे लेने की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिले में गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान



प्रभात पट्टन क्षेत्र में एएनसी पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा पंजीयन के साथ ही उन्हें निर्धारित सभी स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मॉडरेट और सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के आईडेंटिफिकेशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने आमला, आठनेर, मुलताई में कम प्रगति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देश दिए कि ऐसी गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक उपचार तथा फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एनीमिया से प्रभावित गर्भवती महिलाओं को समय पर आयरन सप्लीमेंट, पोषण संबंधी परामर्श एवं चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने मातृ मृत्यु समीक्षा से संबंधित रिपोर्टों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने नियमित टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। मुलताई, प्रभात पट्टन, घोड़ाडोंगरी, आमला, आठनेर, बैतूल ग्रामीण, भैंसदेही एवं शाहपुर में टीकाकरण की कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बीएमओ को सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### स्क्रीनिंग में लापरवाही पर जाहिर की नाराजगी

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य यकृत मिशन के अंतर्गत स्क्रीनिंग कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रभात पट्टन और बैतूल में स्क्रीनिंग में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। टीबी स्क्रीनिंग कार्य की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को तीन दिनों में शत प्रतिशत स्क्रीन कर फूड बॉस्केट वितरित की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की सिकलसेल स्क्रीनिंग समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने पूर्ण हो चुके प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र हैंडोवर कराने के निर्देश दिए।

### नशा मुक्ति अभियान के साथ रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिले में नशा मुक्ति अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वैच्छिक रक्तदान के लिए भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति अभियान के साथ रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाए। इसके लिए सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं युवाओं का सहयोग लिया जाए। उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करने तथा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही विजय दिवस के अवसर पर विशेष रक्तदान शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, जिला ब्लड बैंक अधिकारी अंकिता सीते सहित बीएमओ, बीपीएम, बीईई उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पिछले 24 घंटे में औसतन 12.5 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 12.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 22 जुलाई प्रात: 8 बजे से 23 जुलाई प्रात: 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 10.2 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 16.0 मिमी, चिचोली में 13.0 मिमी, शाहपुर में 9.0 मिमी, मुलताई में 17.6 मिमी, प्रभात पट्टन में 12.0 मिमी, आमला में 6.0 मिमी, भैंसदेही में 8.0 मिमी, आठनेर में 9.2 मिमी तथा भीमपुर में 24.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 337.1 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 380.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

### छात्रावास का सरपंच ने किया निरीक्षण

**भौंरा।** गुरुवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम पंचायत भौंरा की सरपंच मीरा धुर्वे ने आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ग्राम पंचायत के पंच जय किशोर मिश्रा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सरपंच ने छात्राओं से छात्रावास की व्यवस्थाओं, भोजन, अध्ययन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वे निसंकोच पंचायत को अवगत कराएं, ताकि समय पर समाधान कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान सरपंच ने छात्रावास में तैयार भोजन का स्वयं स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्रावास परिसर में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। भोजन की गुणवत्ता अच्छी मिलने पर उन्होंने अधीक्षिका गायत्री बरगले एवं छात्रावास स्टाफ की सराहना करते हुए छात्राओं को निरंतर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अधीक्षिका गायत्री बरगले ने सरपंच के समक्ष छात्रावास से मुख्य सड़क तक सीसी सड़क निर्माण की मांग रखी।

## खेत के कमरे में जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 15 लोग गिरफ्तार

**बैतूल। थाना कोतवाली पुलिस ने जुआ फड़ पर दबिश देकर 15 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। 22जुलाई को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन कर थाना क्षेत्र में रवाना किया गया।**

**पुलिस ने जब्त की 90 हजार से अधिक की राशि**

**सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाही**



पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम झाडेगांव में आरोपी बंटी करोचे के खेत में बने कमरे में ताश पत्तों से हार-जीत का जुआ चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से ताश पत्तों से जुआ खेलते हुए कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से एक ताश की गड्डी एवं कुल नगदी 90,500 जप्त की गई। पुलिस ने इस दौरान जुआ खेलते हुए सौरभ पिता शिवकुमार, बंटी पिता मंगल, अजयसिंह पिता स्व. इलराज, शरद पिता मदनलाल, निलेश पिता राधाकृष्ण, पुष्पराज पिता रामसिंह, यश पिता गोविंद, अखिलेश पिता पारसनाथ, अजीत पिता अशोक, अंकित पिता स्व. रामदास, कमलेश पिता दयाराम, कपिल पिता कृष्णकांत, नितिन पिता कृष्णकुमार, सुदेश पिता स्व. रमेश और अशोक पिता अनिल को पकड़ा है। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि बसंत अहके, उनि राकेश कुमार सरयाम, सउनि राजेश मालवीय, सउनि अरुण यादव, प्रआर. तरुण पटेल, प्र.आर. शिवकुमार उइके, प्रआर. रामदास, प्र.आर. दीपक कटियार, पुष्पराज, आर. प्रदीप, आर. अनिल बैलवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले गिरफ्तार

**बैतूल।** आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बोरदेही में मर्ग क्रमांक 06/2026 धारा 194 बीएनएसएस की जांच के दौरान मृतक रघुनाथ यादव (उम्र 34 वर्ष), निवासी ग्राम मालेगांव के परिजनों के कथन एवं उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक की पत्नी कौशल यदुवंशी, ससुर अर्जुन यदुवंशी, साला गुलाब यदुवंशी तथा सास रेखा यदुवंशी द्वारा उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। जांच में यह भी पाया



गया कि 27 मार्च 2026 की रात्रि को घरेलू विवाद के दौरान मृतक के साथ मारपीट की गई थी, जिससे वह अत्यंत मानसिक तनाव में था। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि वह पत्नी, ससुर, साला एवं सास द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है तथा अपनी मृत्यु के लिए इन्हें जिम्मेदार ठहरा रहा है। मर्ग जांच में प्राप्त साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं सुसाइड नोट के आधार पर थाना बोरदेही में अपराध क्रमांक 170/2026 अंतर्गत धारा 108, 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 23 जुलाई को कौशल यदुवंशी (पत्नी), अर्जुन यदुवंशी (ससुर), गुलाब यदुवंशी (साला) और रेखा यदुवंशी (सास) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## दिल्ली की घटना के विरोध में बैतूल में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बैतूल।** नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बैतूल ने गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों के विपरीत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजकुमार (राजू) चौबे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के छात्र शिक्षा व्यवस्था, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, रोजगार और अपने भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध कर रहे थे। उनके समर्थन में पहुंचे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कथित बल प्रयोग किए जाने की खबरें सामने आई हैं, जो संविधान की भावना के अनुरूप नहीं हैं। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने, विरोध प्रदर्शन करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है।

## पेट्रोल पंप मारपीट केस में दो और आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शिव शक्ति सेल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारी से मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज और तोड़फोड़ के मामले में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने कोतवाली थाने से जिला न्यायालय तक करीब एक किलोमीटर पैदल जुलूस निकाला। पुलिस ने बताया कि इस मामले के मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अरुण मालवीय को पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी कड़ी में पुलिस ने दबिश देकर आकाश विश्वकर्मा (25)



निवासी शंकर नगर, भग्गूढाना और अमन शाह (23) निवासी विनोबा नगर, भग्गूढाना को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। यह घटना 19 जुलाई की रात अखतवाड़ा खेड़ी स्थित शिव शक्ति सेल्स पेट्रोल पंप पर हुई थी। यहां कर्मचारी राजेश शेषकर के साथ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की गई थी। आरोपियों पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने, पेट्रोल पंप कार्यालय में तोड़फोड़ कर कांच तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

## बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश

**सारनी।** ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा साप्ताहिक बाजार में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कलाकारों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर नशे की लत से होने वाले शारीरिक,मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों को जीवंत अभिनय के माध्यम से दर्शाया। नाटक के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन का निर्माण किया जा सकता है। पुलिस विभाग द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत एसडीओपी सारणी श्रीमती प्रियंका करचाम ने आमजन के लिए अपना जागरूकता संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करे। जनसहभागिता से ही एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। थाना प्रभारी जयपाल इनवाती के विशेष आग्रह पर इस जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## स्व. निक्की पटेल की स्मृति में रक्तदान शिविर

**चिचोली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में गुरुवार को मानवता, सेवा और सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। स्वर्गीय निक्की पटेल की स्मृति में तपश्री क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं, विवाहित दंपतियों एवं अनुभवी रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 34 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं से लेकर नियमित रक्तदाताओं तक ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में





सहभागिता निभाई। रक्तदान करने पहुंचीं महिला बबीता आर्य ,ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की सांसों को बचाने का माध्यम बन सकता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता मदन शुक्ला तथा शिविर से जुड़े विजय राठौर और भूपेंद्र कहार ने बताया कि चिचोली के लोगों में मानवता और परोपकार की भावना कूट-कूटकर भरी है। जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होती है, यहां के समर्पित रक्तदाता बिना किसी संकोच के अपना योगदान देते हैं।

## छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग एवं राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध

**मुलताई।** दिल्ली में छात्रों के आंदोलन के दौरान हुए पुलिस बल हमले एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को कांग्रेसियों द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। नगर कांग्रेस कमेटी के वेनर तले वरिष्ठ कांग्रेसी संजय यादव, कमल सोनी,कल्लू सिंह ठाकुर, किशोर सिंह परिहार, नितेश साहू, आशीष सोनी, आशीष जैन, रितेश शर्मा, टीनू मिश्रा सहित कांग्रेसियों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज, आंसू गैस



और बल प्रयोग किए जाने से अनेक छात्र घायल हुए। इन घटनाओं ने पूरे देश के युवाओं में भय, आक्रोश और असंतोष का वातावरण उत्पन्न किया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों के समर्थन में अपनी आवाज़ उठाई। इस दौरान उन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं।ज्ञापन में बताया शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के कारण देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। ऐसी स्थिति में नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, वहीं दिल्ली में छात्रों पर हुए पुलिस बल प्रयोग की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। घायल छात्रों को उचित उपचार एवं मुआवजा प्रदान करने, छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित सभी लोकतांत्रिक प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध की गई दमनात्मक कार्रवाईवापस लेने की मांग की है।

**बैठक** | कोठीबाजार मंडल की शक्ति केंद्र बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों की हुई समीक्षा

## मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने शक्ति केंद्रों को दिए निर्देश

**बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार के नेतृत्व में भाजपा कोठीबाजार मंडल की प्रतिमाह आयोजित होने वाली चारों शक्ति केंद्रों की संगठनात्मक बैठकें संपन्न हुई।**

**बैठक में उपस्थित रहे पदाधिकारी**

**आगामी गतिविधियों पर विस्तृत मंथन**

बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक मजबूत बनाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के प्रभावी आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कोठीबाजार मंडल के सुभाष नगर, महावीर नगर, मालवीय नगर और अंबेडकर नगर शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों का संचालन मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा, मंडल सह प्रभारी कैलाश बंडू धोटे तथा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रम वैद्य ने किया। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए। मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा ने सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ पर बैठकें आयोजित करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम %मन की बात% का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का सक्रिय नेटवर्क है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता संगठनात्मक जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें। बैठकों में जनप्रतिनिधियों के रूप में पार्षद तरुण ठाकरे, आभा श्रीवास्तव, राजेश पानकर, महेश राठौर, वर्षा रमेश बारस्कर, रजनी राजेश वर्मा, रघुनाथ लोखंडे, कामय कावरे, वरुण धोटे, किरण खातरकर, नरेंद्र हरसूले तथा संतोष भलावी उपस्थित रहे। वहीं गुड्डु मिश्रा, सावन्या शेषकर, भावेश चढ़ोकार, प्रमोद राठौर, दीपक श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, पवन यादव, शातनू वाजपेयी, नीतू वर्मा, रमेश बारस्कर, गणेश देशकर, जतीन पाल, दीपक मंटू वर्मा, रितेश पुंडे, बलवीर मालवी सहित सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री एवं बीएलए-2 भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## बिना रोजगार दिए फिर बीटीसी कराने के आरोप

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पाथाखेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर नई बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग कोर्स) प्रशिक्षण प्रमाण व मेडिकल सर्टिफिकेट पत्र बनवाए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों का आरोप है कि जहां तीन वर्ष पूर्व बीटीसी प्रमाण पत्र धारक सैकड़ों क्षेत्र के मजदूर वर्ग लगभग 1365 युवाओं ने बीटीसी प्रशिक्षण पूरा कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया था, वहीं उनमें से सैकड़ों को आज तक कोयला खदानों में रोजगार नहीं मिल सका। और जिन्हें रोजगार मिला है उन्हें (एचपीसी) हाई पॉवर कमेटी के द्वारा निर्धारित नियमों से पूर्ण वेतन व भविष्य निधि योजना सुविधाओं में आज तक पैसे नहीं दिए जा रहे हैं इसके बावजूद ठेकेदारों द्वारा नए युवाओं को नौकरी का सपना दिखाकर दोबारा बीटीसी कराने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है।

आरोप है कि कुछ ठेकेदार युवाओं से हजारों रुपये लेकर बीटीसी के लिए आवेदन करवा रहे हैं, जबकि डब्ल्यूसीएल के अधिकारी मेडिकल प्रमाण-पत्र के नाम पर 950 रुपये की रसीद काटकर मेडिकल परीक्षण भी करा रहे हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब पहले से प्रशिक्षित बड़ी संख्या में युवा रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तब नई बीटीसी की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से बीटीसी कर चुके युवाओं को प्राथमिकता देने के बजाय लगातार नए प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं। इससे बेरोजगार युवाओं की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और नौकरी की उम्मीद में वे ठगी का शिकार हो सकते हैं।समाजसेवियों का दावा है कि इस संबंध में पूर्व में भी जिला कलेक्टर बैतूल को शिकायत दी गई थी। इसके बावजूद वर्ष की शुरुआत से कथित रूप से अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से दोबारा बीटीसी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

समाजसेवीयो ने जिला कलेक्टर बैतूल से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, पहले से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा उसके बाद ही नई बीटीसी की अनुमति दी जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।